जंगल गैंगरेप के आरोपी गिरफ्तार

प्रेमजाल में फांसने वाला ऑटोचालक फरार, दोस्तों के साथ किया दुराचार

प्रतिनिधि, 24 सितंबर

अमरावती - कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर दुराचार करने वाले ऑटोचालक व उसके दोस्तों को ग्रामवासियों की सजगता से कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है. शनिवार को यह घटना सामने आयी. गणोरी के ग्रामवासियों ने एक आरोपी को घटनास्थल पर ही पकड़ा. आरोपियों के नाम नवाज खान अजीज खान (25, अलीम नगर), सैयद सादिक उर्फ मुक्का (गणोजा) व ऑटोचालक सागर फरार बताया जाता है.

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और पोक्सो के तहत अपराध दर्ज किया है. पीड़ित की कुछ दिन पूर्व सागर नामक ऑटोचालक से पहचान हुई. देखते ही देखते पहचान प्यार में बदल गयी. सागर के मन में कुछ और था. उसने नाबालिग प्रेमिका को फ्रेजरपुरा स्थित मनीष मार्टिन के कमरे पर ले जाकर चार बार दुष्कर्म किया. यहां किराए से कमरा दिया जाता है. शनिवार की शाम पीड़ित अंबादेवी मंदिर में दर्शन

के लिए आयी थी. सागर ने मोबाइल पर संपर्क किया और गांधी चौक पहुंचा. पीड़ित को अपने ऑटो में बिठाकर बडनेरा के एक सूनसान मार्ग पर ले जाकर ऑटो में ही दुष्कर्म किया. वहां से पीड़ित को नागपुरी गेट परिसर ले गया. वहां सागर ने उसे नवाज खान के ऑटो में बिठाया और स्वयं भी बैठ गया. कुछ दूरी पर सागर के और दो दोस्त ऑटो में सवार हुए. चारों पीड़ित को लेकर गणोजा देवी परिसर में गए. नवरात्र के चलते यहां मेला लगा हुआ है. वहीं दूर जंगल में ऑटो ले जाकर सागर ने फिर एक बार दोस्तों के सामने दुष्कर्म किया. सागर के बाद नवाज पीड़ित से जबर्दस्ती करने लगा तब उसने मदद के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया. मेले में आए भक्तों ने पीड़ित की पुकार सुनी और जंगल की तरफ दौड़े. तीन युवक भीड़ को देखकर भाग निकले और नवाज ऑटो के साथ पकड़ा गया. लोगों ने उसकी जमकर धुलाई की तभी मेले में तैनात पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और नवाज को भातकुली थाने लाया गया. तनाव की स्थिति और लोगों का गुस्सा देखते हुए पीआई रवींद्र देशमुख ने आरोपी को कोतवाली थाने भेज दिया. नवाज की निशानदेही पर रविवार को सादिक को गिरफ्तार किया. पीएसआई पंकज कांबले मामले की जांच कर रहे हैं.

अमरावती : 'इलेक्ट्रिक स्टूडियो' उद्घाटन करते निगमायुक्त हेमंत पवार व उपस्थित भाराणी परिवार के सदस्य.

'इलेक्ट्रिक स्टूडियो' का निगमायुक्त पवार दम्पति के हाथों शुभारंभ

प्रतिनिधि, 24 सितंबर

अमरावती- होलसेल साड़ियों के व्यापार स्वतंत्र ब्राण्ड के रूप में पहचान बना चुके भाराणी परिवार का एक और नया कलेक्शन 'इलेक्ट्रिक स्टूडियो' रविवार को स्थानीय बोरगांव धर्माले स्थित ड्रीम्जलैंड बिजनेस पार्क के शॉप नं. ए 6/13 में लॉन्च हुआ है. निगमायुक्त हेमंत पवार व अर्चना पवार के हाथों विधिविधान से फीता काटकर शोरूम का भव्य-दिव्य शुभारंभ किया गया. अमरावती के प्रतिष्ठित भाराणी परिवार की नई पीढ़ी के जुगल आत्माराम भाराणी अपने नये प्रतिष्ठान को 'इलेक्ट्रिक स्टूडियो' के माध्यम से नवरात्रि के पावन पर्व पर शहरवासियों की सेवा में प्रस्तुत किया है. मध्य भारत के सबसे बड़े मार्केट हब ड्रीम्जलैंड बिजनेस पार्क में इलेक्ट्रिक स्टूडियो के माध्यम से कदम रख रहे भाराणी परिवार के नई पीढ़ी के जुगल भाराणी ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्टूडियो में सुविख्यात कंपनियां सूर्या, हायबिक, पॉलीकैब, कॉस्मो, क्रॉम्प्टन आदि के इलेक्ट्रिक वायर, केबल, लाइटिंग, फैन्स, स्विचेस, हैंगिंग लाइट के अलावा संपूर्ण इलेक्ट्रिक इस्तेमाल की सामग्री अपने नये प्रतिष्ठान में रखी है. होलसेल व रिटेल का यह नया शोरूम 2800 से 3000 वर्ग फीट आकार में 4 मंजिल में साकार किया है. जिसके लिए पूना के महाराष्ट्र लेवल डिस्ट्रीब्यूटर सुधीर फेरवानी व विनीता फेरवानी ने सहयोग दिया है. रविवार को शानदार शुभारंभ अवसर पर अतिथियों के साथ कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटरों ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई. उन्होंने उपस्थित अतिथियों को चार मंजिला इलेक्ट्रिक स्टूडियो की जानकारी दी. साथ ही अन्य प्रतिष्ठानों के मुकाबले यहां किस प्रकार बेहतरीन सुविधा प्राप्त होगी. इसकी जानकारी देते हुए एक बार अवश्य भेंट देने का अनुरोध भी अतिथियों से किया. नये प्रतिष्ठान शुभारंभ अवसर पर प्रेमचंद भाराणी, प्रकाश भाराणी व जुगल भाराणी, सुनील भाराणी, विशाल भाराणी, साहिल भाराणी, नरेंद्र भाराणी,

भाराणी परिवार की नई पीढ़ी का प्रतिष्ठान

सभी ने की सराहना

मनोज भाराणी, नयन भाराणी,ऋषभ भाराणी, राहुल भाराणी, रवि भाराणी, सतीशभैया भाराणी, विनोद भैया भाराणी, मुकेश भाराणी, नरेश भाराणी, जानकी भाराणी, रजनी भाराणी, शांति भाराणी, परिधि भाराणी, परिना भाराणी, आरना भाराणी, सरिता भाराणी, निशा भाराणी, सांची भाराणी, काव्या भाराणी के साथ बड़ी संख्या में मित्र परिवार ने उपस्थित रहकर 'इलेक्ट्रिक स्टूडियो' के निर्माण में सहयोग देते हुए नई पीढ़ी के नए संचालक जुगल भाराणी का हौसला अफजाई किया.

मेरे घर के आगे साईनाथ तेरा हो मंदिर...

श्री साईबाबा दशहरा पुण्यतिथि उत्सव, भजनों से हो रही आराधना

प्रतिनिधि, 24 सितंबर

अमरावती - श्री साईबाबा ट्रस्ट अमरावती व विश्वस्त मंडल भक्तों की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुवार से सोमवार, 2 अक्टूबर की कालावधि में 99वां श्री साईबाबा पुण्यतिथि उत्सव श्रीसाईबाबा मंदिर साईनगर में आयोजित किया गया है. उत्सव के चौथे दिन रविवार को म्हाड़ा कॉलोनी के आदिशक्ति महिला भजनी मंडल द्वारा दोपहर 3 से 5 बजे तक भजन प्रस्तुत किए गए. छाया कापसे, अश्विनी पारोलकर, कांता डहाके, संगीता मोहोड़, निर्मला सरोदे, वैशाली कडूकार, सरस्वती हलकारे, शोभा फरकाड़े ने भजन प्रस्तुत किए. तबले पर यश मोडक व ओम कडूकार ने साथ दी. मेरे घर के आगे साईनाथ तेरा मंदिर बन जाए, या पंढरपुराची शान देवा तुझे देऊळ, आम्हा वारकयांचा मान तुझ देऊळ आदि भजन

प्रस्तुत किए. इसी प्रकार सोमवार, 25 को वनीता महिला भजनी मंडल (एकवीरा विद्युत कॉलोनी) की संचालिका भावना अलोनी रहेंगी. मंगलवार, 26 को शारदा महिला भजन मंडल का भजन का कार्यक्रम (वृंदावन कॉलोनी) रहेगा, जिसकी संचालिका जानकी अढाऊ हैं. बुधवार, 29 को साईश्रध्दा महिला भजन मंडल का कार्यक्रम भजन होगा. शनिवार, 30 को आरती, पादुका पूजन और पवित्र पेढ़ी नदी से भक्त कांवड़ से जल लाकर श्री का मंगल स्नान करेंगे. उद्योजक स्मिता व संजय जाधव दम्पति द्वारा महाभिषेक होगा और बतौर अतिथि पूनम व युवराज चौधरी, आदिति व अविनाश श्रॉफ उपस्थित रहेंगे. दोपहर को आरती और रात 9 बजे साईसंध्या भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा. 2 अक्टूबर को सुबह काले का कीर्तन व दोपहर 1 बजे महाप्रसाद से उत्सव का समापन होगा. उत्सव में सहभागी होने का आह्वान मंदिर के अध्यक्ष प्रभाकरराव देवपुजारी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र राठी, सचिव शरद दातेराव, विश्वस्त रामकिशोर सिकची, ओमप्रकाश हेडा, संजय लखोटिया, अशोक राठी, किशोर वडनेरे, रमेश शिरभाते, श्रीमती इंदूताई कडू आदि ने किया.

शिव-फुले-शाहू स्मृति पुरस्कार हेतु आवेदन करें

अमरावती-डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यूथ वेलफेअर सोसाइटी व आधावड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विविध क्षेत्र में लोकहितार्थ कार्य करने वाले मान्यवरों के कार्यों का सम्मान हो, इस उद्देश्य से सामाजिक, शैक्षणिक, क्रीड़ा, कला व पत्रकारिता के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को शिव-फुले- शाहू-आंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है. उक्त पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है. इच्छुक अपने कार्य की संपूर्ण जानकारी फोटो सहित संस्थाध्यक्ष सिद्धार्थ बनसोड, मिलचाल, नई बस्ती बडनेरा के पते पर भेजे. अधिक जानकारी के लिए 9975047111, 9765568286 पर संपर्क करने का आह्वान विलास वाडेकर व मितेश शाह ने किया है.

रेडिएंट सुपर स्पेशालिटी अस्पताल का शिविर

भूलना बीमारी नहीं लक्षण है

अमरावती : शिविर के दौरान जानकारी देते डाक्टर तथा उपस्थित लोग.

डॉ.सिकंदर आडवानी डॉ.आनंद काकाणी ने दिया डेमो

प्रतिनिधि, 24 सितंबर

अमरावती - जीवन में अनेक व्यक्तियों को अलग-अलग कारणों से विस्मरण होता है. मगर भूलना बीमारी नहीं, बल्कि एक लक्षण है. इससे विचलित न होते हुए स्वयं पर आत्मविश्वास रख कुछ बातों पर ध्यान दिया जाए और उपाय किया गया तो भूलने के लक्षण दूर हो सकते हैं. उक्ताशय का मार्गदर्शन रेडिएंट सुपर स्पेशालिटी अस्पताल के डॉ. सिकंदर आडवानी-डॉ.आनंद काकाणी ने मरीजों को करते हुए अलग-अलग डेमो दिखाए. इस अवसर पर डॉ.सागर धानोरकर, डॉ.मनोज मालोदे, डॉ.अर्चना अग्रवाल, डॉ.मृणाल हरले, डॉ.वंदना गुडे, डॉ.सीमा आडवानी, डॉ.हर्षाली लकतारिया, डॉ.पवन अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी आकाश आडे, हरीश कुरलकर, स्वप्निल वावरे, आरती फुलके, श्वेता बोदाड़े, आकाश खड़से व अन्य मान्यवर उपस्थित थे. रेडिएंट सुपर स्पेशालिटी अस्पताल द्वारा स्थानीय साईप्रस्थ मंगल कार्यालय के सभागृह में भूलना, स्मृतिभ्रंश आदि विषय पर जनजागृति व मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया गया था. भूलने के विषय में वस्तु गलत जगह रखना, नियमित काम करने में मुश्किल, बोलते वक्त लड़खड़ाना, भ्रम की स्थिति, विचित्र बर्ताव आदि विषय पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया. इसके लिए पुराने मरीजों में ऐसे लक्षण पाए गए हैं उन्हें और उनके परिजनों को शिविर में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था. करीब 300 से अधिक ऐसे मरीज व परिजनों ने शिविर में उपस्थिति दर्शायी.

मरीजों को बौध्दिक खेल, पजल्स, गेम्स, नृत्य जैसे प्रकार में सहभागी कर प्रश्नमंजूषा द्वारा उनके मस्तिष्क एवं स्मृति की जांच की गई. मरीज व परिजनों को अपने घर में लिए जाने वाली सावधानी व उपाय के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई.

नियमित व्यायाम से दूर भगाएं हृदयरोग

डॉ. नीरज राघानी की सलाह, अंबा फेस्टिवल में व्याख्यान

प्रतिनिधि, 24 सितंबर

अमरावती - रविवार को अंबा फेस्टिवल के सामाजिक उपक्रमों की श्रृंखला में सांस्कृतिक भवन में सुदृढ़ व स्वस्थ हृदय विषय पर प्रख्यात हृदय विशेषज्ञ डॉ. नीरज राघानी ने हृदयरोग से बचने व उसे दूर भगाने के टिप्स दिए.

डॉ. राघानी ने अपने व्याख्यान में कहा कि इन दिनों बदली जीवनशैली और खानपान की अनियमितता के चलते वृध्दों से अधिक युवाओं में हृदय से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं. नियमित व्यायाम, तेल का सीमित इस्तेमाल, सिगरेट और तंबाकू से परहेज, बीपी, डायबिटीज को कंट्रोल में रखने के लिए समय-समय पर जांच, खाने में हरी सब्जियों का सेवन आदि अपनाने को कहा. छाती में भारीपन और सांस फूलना हृदयरोग का लक्षण है. ऐसा होने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल में ईसीजी करवाएं. यूरोपियन देशों की तुलना में भारत और चीन में हार्ट से जुड़ी बीमारियां बढ़ रही हैं. हर घंटे में औसतन 4 लोगों की मृत्यु हृदयरोग से हो रही है. उम्र बढ़ने के साथ हार्ट की बीमारी बढ़ जाती है. तनाव, बदलती जीवनशैली, खानपान में बदलाव, प्रदूषण हार्ट की समस्या को निमंत्रण देता है. नियमित योगा और तैलीय पदार्थों पर नियंत्रण रखने से हृदयरोग से बचा जा सकता है. इस अवसर पर डॉ.अरुण हरवानी, डॉ.स्वप्निल रुद्रकार, बलराम मेघानी सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित थे.

बिजीलैंड में शॉपिंग का महासंडे

दीपावली-दशहरे का माहौल, हजारों ग्राहक ले रहे हैं खरीदी का आनंद

प्रतिनिधि, 24 सितम्बर

अमरावती- 52 दिनों के नॉनस्टाप शॉपिंग फेस्टीवल का आयोजन भारत के सबसे बड़े मार्केट बिजी लैंड में किया गया है. चौथे दिन का रविवार शॉपिंग का महासंडे नजर आया. हजारों ग्राहक परिवार के साथ खरीदी का आनंद ले रहे थे.बिजीलैंड मार्केट में शहर व ग्रामीण इलाकों के ग्राहकों की चहल-पहल से दीपावली-दशहरे का माहौल नजर आया. दुकानदारों द्वारा ग्राहकों की आत्मीयता से आवभगत कर उन्हें किफायती दामों में लेटेस्ट फैशन के वस्त्रों का खजाना उपलब्ध कराया जा रहा था. हर खरीदी के अनुसार निश्चित उपहार दिये जाने से ग्राहक बार-बार यहां आ रहे हैं. अपने परिजन, मित्रों, पड़ोसियों से बिजीलैंड शॉपिंग फेस्टीवल का बखान करते हैं.

बिजीलैंड शॉपिंग फेस्टीवल में अमरावती, बडनेरा, अकोला, यवतमाल, बुलढाना, वाशिम जिले के अलावा ग्रामीण तहसीलों व गांव-देहातों से ग्राहक पहुंच रहे हैं. मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के बड़े ग्राहक फेस्टीवल में शॉपिंग करते देखे जा सकते हैं. होलसेल व रिटेल की सुविधा एक ही छत के नीचे और पारिवारिक खरीदी का मौका रहने से हर प्रतिष्ठान पर भीड़ उमड़ रही है. बिजीलैंड में सही मायने में शॉपिंग का महासंडे देखा गया.

ग्राहकों का मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद दुकानदारों का हौसला बढ़ा रहा है. आगामी 11 नवम्बर तक शॉपिंग फेस्टीवल जारी रहेगा. हर सप्ताह बंपर उपहार के तहत होंडा एक्टिवा भी दिये जाने से शॉपिंग फेस्टीवल का आकर्षण और बढ़ रहा है.

बिजीलैंड शॉपिंग फेस्टिवल

आज भाग्यवान को मिलेगी होंडा एक्टिवा

52 दिन के नॉनस्टाप बिजीलैंड शॉपिंग फेस्टिवल के तहत सोमवार 25 सितंबर की शाम को भाग्यवान विजेता को बंपर उपहार के तहत होंडा एक्टिवा प्रदान की जाएगी. गौरतलब है कि इस फेस्टिवल में खरीददार को उपहार दिए जा रहे हैं. साथ ही सप्ताह में सभी खरीददारों में से एक भाग्यवान विजेता को बंपर उपहार स्वरूप होंडा एक्टिवा प्रदान की जाएगी. पहले सप्ताह के पहले बंपर उपहार का भाग्यवान विजेता सोमवार को ड्रा द्वारा निकाला जाएगा.

आयोजकों की सराहना

यहां पहुंच रहे ग्राहक और बिजीलैंड के व्यापारी दुकानदारों द्वारा आयोजक जयराज बजाज, रमेशलाल खत्री, श्यामलाल पिंजानी की सवर्त्र सराहना हो रही है. व्यापार के इतिहास में पहली बार 52 दिनों के शॉपिंग फेस्टीवल की संकल्पना रखी गई है. हिन्दुस्तान के सबसे बड़े पर्व दशहरा-दिवाली से पहले आयोजित शॉपिंग फेस्टीवल को मिल रहे प्रतिसाद से व्यापारी-दुकानदार जहां खुश हैं, वहीं आयोजकों की संकल्पना को भी लोग सराह रहे हैं.

2000 की खरीदी पर गिफ्ट व उपहार

स्वयंवर मैन्स वेयर के संचालक अमर लुल्ला ने बताया कि कोट-पैंट, जोधपुरी, शेरवानी, इंडो-वेस्टर्न शर्टस्, ट्राउजर्स, टीशर्ट, पटियाला सूट, पठानी सूट, दूल्हे की जरुरत के सभी वस्त्र और साजो-समान एक ही छत के नीचे उपलब्ध है. उत्तम क्वालिटी व किफायती दाम रहने से ग्राहकों में काफी उत्साह है. मार्केट अच्छा व सस्ता रहने से शॉपिंग फेस्टीवल में बाहर गांव के लोग आ रहे हैं. 2000 की खरीदी पर गिफ्ट व उपहार दिये जा रहे हैं. विवाह व उत्सव तथा त्यौहारों के चलते काफी भीड़ है. लोगों की सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है.

संपूर्ण नया कलेक्शन



दूल्हेराजा एनएक्स के संचालक संतोष सबलानी ने बताया कि जबरदस्त प्रतिसाद है. पूरा नया कलेक्शन ग्राहकों के लिये उपलब्ध है. त्यौहारों को देखते हुए मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, कलकत्ता से नया स्टाक मंगाया गया है. बंपर उपहार के लिये कूपन जमा हो रहे हैं. 2000, 5000, 10,000 की खरीदी पर आकर्षक उपहार दिये जा रहे हैं. ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है. डिजाइनर कोट-सूट, ब्लैजर, जोधपुरी, इंडो-वेस्टर्न, शेरवानी, पैंट-शर्ट, जीन्स टीशर्ट, जूती, पगड़ी आदि उपलब्ध हैं. बिजीलैंड में दूल्हेराजा का यह नया व भव्य पूरा एसी शो रूम है.

विदर्भ में सबसे कम रेट

संस्कार होलसेल साड़ी एंड मैन्स वेयर के संचालक गिरीश खत्री व संजय खत्री ने संयुक्त रुप से बताया कि शॉपिंग फेस्टीवल के दौरान उनके शॉप में विदर्भ में सबसे कम रेट है. विदर्भ की शान बिजीलैंड की पहचान है. संस्कार शॉप में मिलने वाले कपड़े ब्रांडेड हैं. जीन्स में जेएम स्टेट, किलर, नाम्स-स्ट्राम, कुकिज आदि उपलब्ध हैं. अनेक मान्यवर शॉपिंग कर चुके हैं. रोजाना सैकड़ों ग्राहक खरीददारी के लिये आते हैं. साड़ियों में लाचा, कांजीवरम, सिल्क, पेशवाई, बनारसी शालू, डिजाइनर साड़ियां, सुभाष कंपनी, पालव, लक्ष्मीपति, अंबिका कंपनी की साड़ियां उपलब्ध हैं. फैक्टरी से सीधे ग्राहकों तक माल पहुंचाने से यह शॉप ग्राहकों की पसंद है.